तापमान
अधिकतम 47 .4 डिग्री
न्यूनतम 27 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025

12 नाले से पानी निकासी के रास्ते बंद होने पर भड़के विज



12 लोगों को पीने के पानी की मिलेगी बेहतर सुविधा



## खबर संक्षेप

### कुवि में 21 जून को होने वाली परीक्षाएं स्थगित

**कुरुक्षेत्र।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कारण 21 जून 2025 को आयोजित होने वाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 21 जून 2025 को आयोजित होने वाली सभी कक्षाएं/पाठ्यक्रम (आईटीईपी द्वितीय सेमेस्टर को छोड़कर) की परीक्षाएं अब 8 जुलाई को होंगी।

### रिफाइनरी डिपो में तेल चोरी केस में दो पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी डिपो में डीलरों से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व टेंकर से तेल चोरी मामले में दो आरोपियों फ्रेंडस कॉलोनी अंबाला निवासी दीपक व करनाल के गांव मोतिया निवासी सूरज को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक ट्रक चालक व सूरज क्लीनर है।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी आशीष उर्फ टिड्डा को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में चार आरोपियों को काबू किया जा चुका है। सूचना के बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को कार समेत काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनसे 380 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

### निर्माण सामान चोरी के मामले में 3 गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरविंद्र सिंह व तरसेम सिंह को गिरफ्तार किया है। ग्रीन ओमेक्स के अभिषेक ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने हिसार-कैथल हाइवे के फ्लाई ओवर को तैयार करने के लिए टेंडर लिया हुआ है। 11 जून को आरोपी हरविंद्र सिंह व तरसेम सिंह ने साइट से ट्रेक्टर बुग्गी में बड़े बेरीगेट को लोड करके चोरी की है।

### महिला से ठगी सोने की चूड़ियां और बालियां

**यमुनानगर।** जगाधरी की श्री नगर कॉलोनी निवासी सलोचना देवी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को दोपहर साढ़े 12 बजे उसे तीन लोग मिले। इस दौरान आरोपियों ने उसे बातों में उलझा लिया। आरोपियों ने उससे सोने की चुडियां व बालियां ठग ली। ठगी का अहसास होने पर उसने सूचना पुलिस को दी।

### 3 किलो 206 ग्राम अफीम की बरामद

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अरविन्द आर्य वासी अंजनी जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 किलो 206 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## भाकियू ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया

# एसडीएम ने कहा, जिससे फोन करवाया, उससे करवा लो काम

### भाकियू प्रधान ने निशानदेही के लिए की थी सिफारिश

■ गांव सुलखनी के किसान के रास्ते से जुड़ा है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव सुलखनी के किसान साधा सिंह के रास्ते से जुड़े एक मामले को लेकर वीरवार को भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के जिला प्रधान मलकीत सिंह के नेतृत्व में किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

धरने का कारण उस समय उत्पन्न हुआ जब किसान साधा सिंह ने गांव सुलखनी में स्थित एक रास्ते की निशानदेही के लिए प्रशासन से संपर्क किया। भारतीय किसान यूनियन जिला प्रधान मलकीत सिंह ने बताया कि इस विषय पर उन्होंने स्वयं एसडीएम शाश्वत सांगवान को फ़ोन कर समस्या से अवगत करवाया था। साथ ही साधा सिंह का काम शीघ्र करवाने का आग्रह किया था लेकिन जब साधा सिंह खुद एसडीएम कार्यालय पहुंचे तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि जिससे फ़ोन करवाया था, उसी से अपना काम भी करवा लो।



बराडा। कार्यालय में किसानों की समस्या सुनते एसडीएम शाश्वत सांगवान। फोटो : हरिभूमि

#### किसानों को चुभा जवाब

यह जवाब किसानों को चुभ गया। उन्होंने तुरंत धरने का ऐलान कर दिया। साधा सिंह ने बताया कि वह पिछले एक साल से इस मामले को लेकर विभागीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली हैं।इस उपेक्षा से नाराज़ किसानों ने बड़ी संख्या में इकठ्ठा होकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन शुरू किया।मौके पर स्वयं एसडीएम शाश्वत सांगवान पहुंचे। किसानों से बातचीत की। वह इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का शीघ्र हल करने के लिए तत्पर रहते हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि साधा सिंह की जमीन की निशानदेही के लिए पुलिस बल भेजकर प्रक्रिया पूरी करवाई जाएगी। धरना शांतिपूर्ण रहा। डीएसपी सुरेश कुमार, थाना प्रभारी प्रमोद राणा, चौकी प्रभारी विश्वबंधु सहित भारी संख्या में पुलिस प्रशासन भी पूरी सतर्कता से मौजूद रहा।इस मौके पर ब्लॉक बराड़ा प्रधान राजदीप सिंह, ब्लॉक-2 प्रधान बलजिंदर सिंह, मान सिंह टपरियों, युवा प्रधान गुलाब सिंह पूनिया, ब्लॉक शहजादपुर गुरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह साहा, कीकर सिंह कंबासी, कुलवंत सिंह चहल माजरा सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

#### मिला आश्वासन

एसडीएम के इस आश्वासन के बाद किसानों ने अपना धरना स्थगित कर दिया। डीएसपी सुरेश कुमार, थाना प्रभारी प्रमोद राणा, चौकी प्रभारी विश्वबंधु सहित भारी संख्या में पुलिस प्रशासन भी पूरी सतर्कता से मौजूद रहा।

# करनाल के खालसा कॉलेज को मिला अल्पसंख्यक का दर्जा

■ अब विद्यार्थी ऑफलाइन तरीके से दाखिले ले सकेंगे : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज में डायरेक्ट दाखिला लेते हुए विद्यार्थी।

गुरु नानक खालसा कॉलेज रेलवे रोड करनाल को अल्प संख्यक स्टेटस प्राप्त हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए कालेज प्रबन्धन समिति के प्रधान स0 कंवरजीत सिंह प्रिंस ने बताया कि ये कॉलेज परिवार के लिए अत्यंत हर्ष का विषय हैं कि सरकार ने कॉलेज को ये उपलब्धि प्रदान की है।

उन्होंने बताया कि अब कालेज भारत के चुनिदा कालेजो में आता है जिसका फायदा भविष्य में विद्यार्थियों और शिक्षकों को होगा। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान से बताया कि माइनोइरटी स्टेटस मिलने से अब विद्यार्थी सीधे ऑफलाइन तरीके से दाखिले ले सकते है, उन्हें ऑन लाइन आवेदन की जरूरत नही होगी । प्राचार्या ने बताया कि कॉलेज में यूजी स्तर पर 860 सीटें हैं और पीजी स्तर पर 240 सीटें हैं। वर्तमान में कॉलेज में दाखिले जारी है और काफी विद्यार्थियों ने दाखिले भी ले लिए है। कोई भी विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से कालेज आ कर एडमिशन ले सकता है इसके लिए शिक्षक और स्टाफ, कॉलेज में एडमिशन कर भी रहा है। इस बार बी.सी.ए.ए.आई का नया कोर्स भी शुरू किया है जिसके वर्तमान समय में अनेक स्कोप है और ये छात्र- छात्राओं के लिए अत्यंत रोजगारपरक कोर्स हैं।

### पानीपत में की तीन मकानों पर फायरिंग

**पानीपत।** पानीपत के न्यू मॉडल टाउन में बुधवार की रात तीन मकानों पर फायरिंग की गई। वहीं, वीरवार की सुबह थाना मॉडल टाउन पुलिस को कुलदीप ने गोली चलने की सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मौके पर जांच-पड़ताल करनी शुरू की, तो मौके से एक खाली खोल बरामद हुआ। पुलिस को पता लगा कि एक नहीं, बल्कि तीन जगहों पर गोलियां चली हैं। पुलिस ने मौके से तीनों बुलेट को भी बरामद किया है। फायरिंग में खाली प्लॉट में खड़ी कुलदीप की गाड़ी में गोली लगने से शीशा टूटा है। फायरिंग प्रवीन के मकान के शीशे भी टूटे मिले।

# लापरवाही के मामले में दूसरे जेई पर गिरी गाज

■ विभाग की ओर से किया चार्जशीट उद्घाटन स्थल पर विरोधी धड़े की नेता का फोटो देखकर भड़के थे मंत्री अनिल विज

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

बब्याल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के मामले में दूसरे जेई पर भी गाज गिर गई। विभाग ने जेई को चार्जशीट किया है। साथ ही जवाब भी मांगा है।

निलंबित चल रहे एचकेआरएन जेई के साथ कुछ भाजपा नेता कैबिनेट मंत्री अनिल विज के निवास पर भी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान हुई अपनी गलती को स्वीकार की। जेई को माफ करने का आग्रह किया। बता दें कि रविवार को बब्याल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन उर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान जिस पोडियम से वो जनता को संबोधित कर रहे थे उस पर विपक्षी नेत्री का फोटो चस्पा हुआ था जोकि आधा-अधूरा था। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मंत्री के संज्ञान में आया तो उन्होंने नियमों की अवहेलना करने के मामले में उच्चाधिकारियों को फोन पर रोष जताया। लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही।

# एक लाख की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

■ आरोपी पर पहले भी आठ मामले एनडीपीएस के दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की रामपुरा चौकी पुलिस ने आजाद नगर कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 26.21 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत बाजार में एक लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले भी आठ मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज है जो कोर्ट में विचाराधीन है।

जानकारी के अनुसार रामपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक आजाद नगर



गली नंबर छह में नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई मुकेश, सुरेंद्र, सुखविंद्र, विनोद और अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी राजीव मिगलानी को बुलाया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 26 ग्राम 21 मिलीग्राम हीरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब एक लाख रुपये है।

### एमबीए में दाखिले की अंतिम तिथि 15 जून

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मैनेजमेंट में ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया 24 मई से जारी है। एमबीए (दो वर्ष) पीजी प्रोग्राम की 120 सीटों तथा एमबीए (एसएफएस)(दो वर्ष) पीजी प्रोग्राम की 120 सीटों में शैक्षणिक सत्र 2025-27 में दाखिले के लिए अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

अध्यक्ष प्रो. सुशील शर्मा ने बताया कि यूएसएम जिसे पहले डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट के नाम से जाना जाता था, वह दुनिया भर में सबसे बेहतरीन बिजनेस स्कूलों में से एक है। यह 1973 में अस्तित्व में आया था जिसका मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के सभी प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्रों में मानवीय मूल्यों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। एमबीए कार्यक्रम केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो छात्रों को जटिलताओं को समझदारी, करुणा और आत्मविश्वास के साथ संभालने के लिए तैयार करता है।

## किसानों को धान बिजाई के लिए दिया जा रहा अनुदान

# धान की सीधी बिजाई करें किसान : राणा

■ भूमिगत जल के गिरते स्तर को बचाने में करें सहयोग : कृषिमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को भूमिगत जल के गिरते स्तर को बचाने के लिए धान की सीधी बिजाई करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने पानी की मात्रा का कम प्रयोग होने वाली फसलों की पैदावार करने के लिए आहवान किया। उन्होंने उक्त शब्द शहर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बातचीत करते हुए कहे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि घटते भू जल स्तर को बचाने के उद्देश्य से केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने संयुक्त रूप से प्रयास शुरू कर दिए हैं। सरकार द्वारा जिन फसलों में पानी की मात्रा का कम प्रयोग होता है उन सभी



यमुनानगर। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों का ऐसी फसलों के प्रति रूझान बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल का स्त्रोत केवल भूमि, जल व नदी व नहर ही हैं। भूजल का अंधाधुंध उपयोग करने से इसका स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। केवल ऊपरी भूमि की परत को ही बार बार जुताई करने से कुछ गहराई पर कठोर परत बन जाती है। जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा जल भूमिगत जल में नहीं जा पाता है।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि भूमिगत जल को बचाने के लिए सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई पर जोर दिया जा रहा है। धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को विशेष रूप से अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से पानी व ऊर्जा की बचत होती है। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे भूजल के गिरते स्तर को ध्यान में रखकर धान की सीधी बिजाई करें।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि किसान पारम्परिक विधि से धान की पौध तैयार करके धान की रोपाई खेत में करते हैं। जिसमें समय के साथ साथ पानी की खपत बहुत ज्यादा होती है। इसके अतिरिक्त धान की रोपाई करने में श्रम भी अधिक लगता है। जिससे धान की खेती पर होने वाले खर्च में वृद्धि होती है। हमें भूमि की उर्वरा शक्ति को फसल अवशेष प्रबंधन अपनाकर बढ़ाना होगा।

#### मिशन कारगर साबित

कृषि मंत्री ने बताया कि केन्द्र व प्रदेश की सरकारों द्वारा जल संरक्षण एवं भूमि के गिरते भूजल को रोकने के लिए जल शक्ति मिशन बहुत ही कारगर साबित हो रहा है। हरियाणा सरकार ने केन्द्र के इस महत्वपूर्ण मिशन को बड़ी गंभीरता से लेते हुए इसे सफल बनाने के लिए प्रदेश में ऐसी योजनाएं चलाई हैं। जिनसे लोगों को जागरूक कर जल संरक्षण एवं भूमि के गिरते जलस्तर को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

GURU NANAK KHALSA COLLEGE
YAMUNANAGAR
NAAC ACCREDITED 'A' GRADE INSTITUTION
A MULTI-FACULTY, CO-EDUCATIONAL, MINORITY INSTITUTION

GNK GROUP OF INSTITUTIONS
Empowering Minds | Shaping Futures

ADMISSION OPEN 2025-26

IN-CAMPUS ADMISSION
FOR UG, PG AND DIPLOMA COURSES

WHY TO CHOOSE GNKC?

Limited Seats!

- Academic Excellence Since 1968
- Only College in Yamunanagar Having NAAC 'A' Grade Thrice in a Row
- 50+ Placement Partners
- 100% Scholarship for School Toppers
- NEP-2020 Supported Curriculum
- Hostel Facilities for Boys & Girls
- Health Club & Gymnasium Hall
- Small Khelo India Centre for Weightlifting
- Additional Skill Development Programs



kotak, Tech Mahindra, HDFC SALES, Jio Digital Life, Medna Biotech Pvt Ltd, eClerx, BAJAJ CAPITAL, Nouveau Medicament (P) Ltd. and 20+ More ...
Our Major Placement Partners

Jamna Auto CSR Scholarship, Sardar Bhupinder Singh Jauhar Scholarship, Rotary Yamuna Nagar Riviera Scholarship, Sitaram Jindal Foundation Scholarship, Single Girl Child Scholarship, Haryana Sports Department Scholarship, NCC Scholarship for Meritorious Cadets, Post Matric Scholarship
Scholarships at GNKC

For Admission Visit or Call Us at
WWW.GNKC.AC.IN 18001210205

SCAN HERE FOR ENQUIRY FORM

**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-शहजादपुर ने थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी विशाल व धीरज को गिरफ्तार किया है। संजीव कुमार ने 9 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने सत्यम कंप्यूटर के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### शिकायतों पर हुई सुनवाई

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं।




### मीठा पानी स्टील व कांच के गिलास में पिलाए : सतेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** नगर आयुक्त सतेंद्र सिवाच ने कहा कि शहर में लगाई जाने वाले मीठे पानी की छबील में प्लास्टिक के गिलाब का इस्तेमाल रोकने के लिए टीम ने जागरूक किया। संस्थाओं को समझाया कि वो मीठा पानी स्टील व कांच के गिलासों में पिलाएं। साथ ही साफ-सफाई रखने के लिए डस्टबिन का प्रयोग करें। वीरवार को नगर परिषद थानेसर की सफाई टीम व स्वच्छ भारत मिशन कुरुक्षेत्र के सदस्य अवनी गुप्ता, सुनील वर्मा आईसी एक्सपर्ट बिरेंद्र कुमार भारद्वाज, वाह फाउंडेशन के सदस्य विवेक की टीम के द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों लोगों को मीठा पानी पिलाने वाले लोगों को जागरूक किया।




### गांव-गांव जाकर लगा रहे योग शिविर

**पिहोवा।** राज्यस्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव कुरुक्षेत्र को भव्य रूप देने के उद्देश्य से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग टीचर उपमंडल पिहोवा के गांव-गांव जाकर योग शिविर लगा रहे हैं तथा आमजन को योग के प्रति जागरुक कर रहे हैं। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से राज्य सोशल मीडिया प्रभारी महिंद्र कन्थला ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाया जाएगा, जिसके चलते जिला प्रशासन ने तैयारिया शुरू की हुई हैं। कार्यक्रम में एक लाख योग साधक हिस्सा लेंगे।

---

महेशनगर ड्रेन में सफाई के लिए लगाई गई लेबर की संख्या कम मिली

# नाले से पानी निकासी के रास्ते बंद होने पर भड़के विज, ठेकेदार को फटकार

ठेकेदार से पूछा "कितनी लेबर लगाई है, कहा बरसातों से पहले पूरी ड्रेन साफ चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को झुलसा देने वाली गर्मी में लगातार पांच घंटे तक मानसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डीसी, नगर निगम आयुक्त, नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लिया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री विभिन्न कार्यों में कमियों को लेकर नाराज दिखें और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को फटकार लगाते हुए कहा कि समय से सारा काम हो जाना चाहिए अन्यथा आवश्यक सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारियों को साफ संदेश देते हुए कहा कि कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कमियां पाए जाने पर उन्होंने जहां कार्य कर रहे ठेकेदारों को फटकार लगाई। जिला अधिकारियों को भी कार्य में कोताही बरतने के चलते डांट पिलाते हुए सही काम करने की नसीहल दे डाली। पांच घंटे तक लगातार चले निरीक्षण के दौरान डीसी अजय तोमर के अलावा निगम आयुक्त वीरेंद्र लाठर, एसडीएम विनेश, नगर परिषद अंबाला सदर के ईओ देवेंद्र नारवाल के अलावा सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, जनस्वास्थ्य विभाग, कैंटोनमेंट बोर्ड, रेलवे, नेशनल हाईवे अथॉरिटी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व पार्षद मौजूद रहे।



अंबाला। नालों का निरीक्षण करते मंत्री अनिल विज।

**टांगरी नदी में खुदाई कार्य से असंतुष्ट**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने चंदपुरा ब्रिज से टांगरी नदी में चल रहे खनन कार्य का जायजा लिया। पुल के एक तरफ उन्होंने खुदाई कार्य पर असंतुष्टता जताई। यहां खुदाई का कार्य एक लेवल पर नहीं पाया गया, इस पर मंत्री विज ने बरसातों से पहले इसे ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी में इस प्रकार खुदाई की जाए जिससे पानी का बहाव सही बना रहे। इसी प्रकार, उन्होंने जगाधरी रोड पर टांगरी नदी पुल पर खड़े होकर जायजा लिया। सिंचाई विभाग द्वारा यहां पर खुदाई के लिए कोई मशीन नहीं लगाई गई थी जिसपर मंत्री अनिल विज ने नाराज हुए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नदी से झाड़ियों को बरसातों से पहले साफ करने के निर्देश दिए। विज ने महेशनगर पंप हाउस पर पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लिया जहां कुछ कमियां मिलने पर उन्होंने सिंचाई विभाग के एक्सईएन को फटकार लगाई। पंप हाउस पर पूर्व में उन्होंने स्विच पैनल व मोटरों की ऊंचाई ज्यादा ऊंची करने को कहा था। विज ने रामपुर सरसेहड़ी में स्टोन पिचिंग के कार्य का भी निरीक्षण करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि मानसून से पहले इस कार्य को हर हाल में पूरा किया जाए। इसी प्रकार उन्होंने टांगरी बांध रोड को घसीटपुर रेल फाटक से जीटी रोड के साथ जोड़ने के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो छोटी-मोटी कमियां मिली है, उस बारे सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे पूरी ताकत के साथ मानसून से पहले-पहले यहां पर मशीनरी के माध्यम से सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाएं।

**पानी निकासी के रास्ते बंद मिलने पर भड़के**

विज ने 12 क्रास रोड पर गुडगुडिया नाले से निरीक्षण की शुरूआत की जहां नाले पर निर्माणाधीन पुलिया का कार्य धीमी गति से पाया गया। ठेकेदार द्वारा यहां पानी निकासी के तीन रास्ते बनाए जा रहे हैं जिनमें से दो ब्लॉक होने पर मंत्री अनिल विज भड़क गए। गुस्साए मंत्री अनिल विज ने कहा कि ठेकेदार ने पहले भी धीमी रफ्तार से कबाड़ी बाजार में पुलिया का निर्माण किया और अब यहीं ठेकेदार फिर से धीमे गति से काम कर रहा है जबकि मानसून आने वाला है। खफा हुए मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों से कहा "ठेकेदार को मैं यहीं पर सीधा कर दूंगा"। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को नाले में से निर्माण सामग्री तुरंत हटाने के निर्देश दिए ताकि बरसातों के समय पानी निकासी ठीक प्रकार से हो सके। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। विज ने यादव धर्मशाला के आगे अंडरग्राउंड नाले में सफाई की जानकारी मांगी तो नगर परिषद अधिकारी व स्टाफ बगले झांकने लगे। इस बीच मौके पर मौजूद स्थानीय पार्षद शशि लोंगिया ने बताया कि यहां पर सफाई हुई ही नहीं है। मंत्री अनिल विज ने नप अधिकारियों को बरसातों से पहले यादव धर्मशाला से बिजली निगम कार्यालय तक नाले की गहनता से सफाई के निर्देश दिए। विज ने पक्की सराय में जाकर गुडगुडिया नाले में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां नाले में गंदगी व गार मिलने पर उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके साथ उन्होंने रेलवे अधिकारियों को भी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में नाले की गहनता से सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा समिति चौक और इससे कुछ आगे अंबेडकर पार्क के समक्ष सेंट्रल नाले में पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लिया। सेवा समिति चौक के निकट निर्माणाधीन नाले में निर्माण सामग्री मिली जिसे तुरंत साफ करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, सेंट्रल नाले में भी एक साइड जमी गंदगी मिली जिससे पानी निकासी प्रभावित हो रही थी। इस पर भी उन्होंने नप अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार, 12 क्रास रोड पर बिजली निगम कार्यालय के समक्ष निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट के समक्ष नाले में झाड़ियां व गाद मिली जिससे पानी निकासी प्रभावित हो रही थी। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में नप अधिकारियों को फटकार लगाते हुए यहां कार्रवाई के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने महेशनगर ड्रेन में सफाई कार्य का निरीक्षण केडी अस्पताल के निकट किया तो यहां नाले की सफाई में कुछ लेबर ही काम करते मिली।

---



अंबाला। जमीन पर कब्जे की कार्रवाई का दृश्य।

## वकीलों की पार्किंग व लेडी टंडर क्लब की जमीन पर मालिक का कब्जा, पिल्लर लगाए

- 45 सालों से जमीन के मालिकाना हक को लेकर चल रहा था केस, मौके पर भारी पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वकीलों के सामने नई समस्या पैदा हो गई। जिस जमीन पर वकीलों के वाहन खड़े होते थे उस पर अब मालिकों ने कब्जा ले लिया। वकीलों की पार्किंग के साथ मालिक ने पुलिस की मदद से लेडी टंडन क्लब पर भी कब्जा ले लिया। 45 सालों से इस जमीन पर कब्जे को लेकर अदालत में केस चल रहा था। अदालत ने कुछ समय पहले ही परिवादी को जमीन पर कब्जे के आदेश दिए थे। करीब 17 हजार वर्ग गज इस जमीन की कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। अदालत से केस जीतने के बाद लंबे समय से जमीन का मालिक नीरज कंसल ने बताया कि कब्जे को लेकर गुहार लगाए हुए थे। मगर बीते माह भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई थी। वीरवार को कब्जे की कार्रवाई शुरू हुई।

**पिल्लर लगाने की कार्रवाई शुरू**

*वीरवार को मालिकों की ओर से पूरी जमीन पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू की थी। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। खासकर पुलिस को वकीलों की पार्किंग पर कब्जा लेने का विरोध होने की संभावना थी। मगर किसी भी वकील ने अभी तक जमीन पर कब्जे की कार्रवाई का विरोध नहीं किया है। वकीलों को पहले ही पुलिस की ओर से अपनी गाड़ियां जमीन से हटाने के निर्देश दिए गए थे। ज्यादातर वकीलों ने अपने वाहन जमीन से हटा लिए थे। इसके बाद मालिक की ओर से जेसीबी के मदद से जमीन पर कब्जा लेने के लिए पिल्लर गाड़ने शुरू कर दिए थे।*

### धोखाधड़ी के मामले में दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी दिलबाग उर्फ बागा व हरी राम को गिरफ्तार किया है। अदालत के प्रवाचक ने 10 मई 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिलबाग उर्फ बागा व अन्य ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक आरोपी की जमानत दी थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

---

## नुक्कड़ नाटक के जरिए बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंबाला सेंट्रल जेल में बंदियों के अधिकार के लिए अभियान चलाया गया है। जेल बंदियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाए जा रहे हैं। जिसमें उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। वीरवार को जेल में कल्ला धारा मंच की टीम ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिससे बंदियों को नाटक के माध्यम से उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जेल अधिकारी भी मौजूद रहे। बंदियों ने बताया की इस नुक्कड़ नाटक से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से हर दिन अधिवक्ताओं को भेजा जाता है ताकि हर बंदी को कानूनी सहायता मिल सके। इसके साथ ही हर माह दो बार जेल लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है जिसमे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा छोटे छोटे केसों का निपटारा किया जाता है। इसके साथ ही हर माह जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी जेल का निरीक्षण किया जाता है। ये भी निश्चित किया जाता है कि किसी भी बंदी को कोई भी किसी प्रकार की समस्या न हो।



अंबाला। नुक्कड़ नाटक के जरिए बंदियों को जागरुक करते कलाकार।

## बेहतर शिक्षा के लिए चलाया एफएलएन का प्रशिक्षण कार्यक्रम

- 20 जून तक चलने वाले इस खंड स्तरीय प्रशिक्षण में 894 टीचर्स करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जिला के सभी ब्लॉकों में 'निपुण हरियाणा मिशन' के तहत प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण 20 जून तक जिले के सभी छह खंडों में आयोजित किया जा रहा है।

इसमें 894 शिक्षक भाग ले रहे हैं। इस जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी और गणित में बुनियादी दक्षताएं सिखाने के लिए शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों से लैस करना है।



बराड़ा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते हुए टीचर्स।

**इन जगहों पर हो रहा आयोजन**

निपुण भारत के तहत आयोजित हो रहे इस प्रशिक्षण का आयोजन खंड अंबाला-1 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में करवाया जा रहा है जिसमें 183 शिक्षक भाग ले रहे हैं। खंड अंबाला-2 के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीसी बाजार का चयन किया गया है। यहां 164 शिक्षक प्रतिभागी बनेंगे। बराड़ा ब्लॉक में राजकीय वरिष्ठ मॉडल माध्यमिक विद्यालय में 113 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे है। इसी तरह से खंड नारायणगढ़ के राजकीय वरिष्ठ मॉडल माध्यमिक विद्यालय 140 टीचरों ने प्रशिक्षण लिया। खंड साहा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नोहनी में 104 शिक्षक व खंड शहजादपुर के राजकीय वरिष्ठ मॉडल माध्यमिक विद्यालय में 90 शिक्षक प्रतिभागी रहे।

इस वर्ष विभाग ने बच्चों और शिक्षकों की सुविधा के लिए पाठ्य पुस्तक और कार्यपुस्तिका को एकीकृत कर दिया है। साथ ही, शिक्षक संदर्शिका को दो भागों में बांटा गया है। इसमें 12 और 14 सप्ताह की अकादमिक योजना शामिल है। इसके बारे में शिक्षकों को जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में भाग ले रहे शिक्षकों ने बच्चों को निपुण बनाने का संकल्प लिया है। उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है।

---

## अब ऑफलाइन होगी नक्शा पास करवाने की प्रक्रिया

- प्रदेश सरकार ने दी मैन्युअल अप्रूवल की अनुमति, पहले ऑनलाइन चल रहा था सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश सरकार जहां एक ओर कामकाज को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट कर रही है वहीं दूसरी ओर बिल्डिंग प्लान अप्रूवल जैसे महत्वपूर्ण कार्य को दोबारा मैनुअल प्रणाली में बदलने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इससे आम नागरिकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की भी आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब कोई भी नागरिक ऑनलाइन नक्शा पास नहीं करवा सकेगा। 6 जून को जारी किए गए सरकार के आदेश में कहा गया है कि अब यह प्रक्रिया ऑफलाइन होगी। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम की वेबसाइट का संचालन कर रही प्राइवेट एजेंसी ने किसी कारणवश बंद कर दिया है। वेबसाइट के बंद होने के कारण यहां दर्जनों भवन योजनाएं अधर में लटक गई हैं। इन आवेदनों को अब मैनुअल प्रक्रिया से जांच कर पास किया जाएगा। इससे न सिर्फ समय की बर्बादी होगी बल्कि लोगों को बार-बार सरकारी विभागों के चक्कर भी काटने पड़ेंगे।

**ऑनलाइन सिस्टम से मिल रही थी राहत**

सरकार द्वारा शुरू किए गए ऑनलाइन सिस्टम से भवन निर्माण के नक्शे करीब 6 दिनों में पास हो जाते थे। यह पारदर्शी और सुगम प्रणाली थी, जिससे आमजन को राहत मिल रही थी लेकिन अब मैनुअल सिस्टम लागू होने से यह प्रक्रिया एक से डेढ़ महीने तक खिंच सकती हैं।

लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही है वहीं दूसरी ओर ऐसी योजनाएं बंद करना जनता के हितों के खिलाफ है। अगर किसी कारणवश एजेंसी ने वेबसाइट का संचालन बंद कर दिया था तो सरकार को इसका कोई दूसरा समाधान निकालना चाहिए था। कुल मिलाकर अब घर बनाने की प्रक्रिया आसान नहीं रही।

आम लोगों को दोबारा दफ्तरों की भीड़, फाइलों की दौड़ और अफसरों के चक्कर लगाने होंगे। सरकार ने ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम पोर्टल में आई तकनीकी अड़चनों का तात्कालिक समाधान निकालते हुए सभी नगर निकायों को भवन नक्शों की मैन्युअल स्वीकृति की अनुमति दे दी है।

**अप्रूवल सिस्टम की वेबसाइट का संचालन बंद**

*ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम की वेबसाइट का संचालन बंद होने से अब मकान व दुकान आदि आवेदनों को मैनुअल प्रक्रिया से जांच कर पास किया जाएगा। आगामी सोमवार तक आवेदनों को पास करने के लिए नगरपालिका में यह कार्य आरंभ कर दिया जाएगा ताकि शहर में मकान बनाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।*

***-राजेश कुमार, सचिव, नगरपालिका***

### योग दिवस के सफल आयोजन में साक्षी बनेंगे 40 हजार स्कूली विद्यार्थी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में 40 हजार स्कूली विद्यार्थी साक्षी बनेंगे। 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने वाले एक-एक व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को उपायुक्त नेहा सिंह के साथ लघु सचिवालय की नई बिल्डिंग के सभागार में स्कूल प्रिंसिपलों, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, राइस मिल एसोसिएशन, व्यापार मंडल एसोसिएशन और आढ़ती एसोसिएशनों के साथ आयोजित बैठकों की अध्यक्षता की।

## सूरजमुखी के तोल में हो रही थी हेराफेरी, किसानों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की अनाज मंडी में किसानों ने सूरजमुखी फसल के तोल में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इसको लेकर बीते रोज देर रात तक किसान मंडी में एकजुट रहे। किसानों ने सभी बोरों का वजन कराया, जिसमें 1 किलो से लेकर 1.5 किलो तक का वजन अधिक मिला। इसको लेकर किसानों ने हंगामा किया। दरअसल बुधवार देर शाम को कई किसानों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार उनके बोरों का अधिक वजन तोल रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा मूल्य 28.600 किलोग्राम वजन निर्धारित है। सरकार उसी के हिसाब से पेमेंट करती है लेकिन, एक कट्टे में अधिक वजन जाने से उनका नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि मंडी में बैठा ठेकेदार उनको चपत लगा रहा है। उनका कहना है कि एक कट्टे में एक किलो अधिक जा रहा है तो सभी कट्टे मिला कर कितना ही नुकसान हो रहा होगा।

**छावनी में सबसे अधिक हुई आवक**

*जिले की अनाज मंडियों में सबसे अधिक सूरजमुखी अंबाला छावनी की मंडी में हुई है। जबकि सबसे कम आवक साहा की अनाज मंडी में हुई है। अनाज मंडी में यह भी निर्धारित है कि एक किसान एक दिन में सिर्फ 25 क्विंटल ही सूरजमुखी की फसल ले कर आ सकता है।*

---

## सीईटी की लास्ट डेट निकली, अभी तक ओटीपी आने का इंतजार कर रहे युवा

- 12 जून थी फॉर्म भरने की अंतिम तिथि, सरकारी वेबसाइट में आने वाले तकनीकी खामियों के कारण फॉर्म नही भर पाए हजारों युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) पोर्टल और सरल पोर्टल की तकनीकी खामियां युवाओं पर भारी पड़ गई। सीईटी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून थी लेकिन प्रदेश के हजारों युवा अभी भी ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) का इंतजार कर रहे हैं। वेबसाइट में आने वाली तकनीकी दिक्कतों के कारण न तो उनका रजिस्ट्रेशन हो पा रहा है और न ही फॉर्म सबमिट हो पाया।

**युवतियों को भी हो रहा नुकसान**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट अरुण बिड़लान ने बताया कि सीईटी पोर्टल में सबसे बड़ी खामी यह है कि मेट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र के अनुसार ही नाम भरने की बाध्यता है। ऐसे में शादीशुदा महिलाओं का नाम आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र में बदल चुका है, जिससे दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पाया। परिणामस्वरूप आरक्षित श्रेणी की महिलाओं को भी 250 रुपए की बजाय 500 रुपए की सामान्य श्रेणी की फीस भरनी पड़ रही है। बिड़लान ने कहा कि सरकार ने जल्दबाजी में पोर्टल खोल दिया लेकिन उसकी सही ढंग से जांच-परख नहीं की। इसके लिए पहले पोर्टल को पूरी तरह से दुरुस्त किया जाना चाहिए था। तभी आवेदन प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी। लाखों युवाओं की उम्मीदें इस पोर्टल पर टिकी थीं लेकिन अधिकारियों या सरकार द्वारा किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं ली गई। बिड़लान ने सरकार से अपील की है कि पोर्टल की तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जाए और उन अभ्यर्थियों को एक और मौका दिया जाए जो तकनीकी समस्याओं के कारण फॉर्म नहीं भर पाए।

पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि ने नए ट्यूबवेल का निर्माण कार्य किया शुरू

# लोगों को पीने के पानी की मिलेगी बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के वार्ड नंबर 5 को एक और बड़ी सौगात मिली है। बढ़ती गर्मी के मौसम में यह सौगात वार्ड वासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वीरवार को वार्ड नंबर 5 में ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य आरंभ किया गया। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल और वार्ड नंबर 5 के पार्षद एवं डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर ट्यूबवेल का निर्माण शुरू करवाया। बता दें कि इस ट्यूबवेल के निर्माण से इलाके में पानी की सप्लाई और अधिक बेहतर होगी। रितेश गोयल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति कर रहा है। अंबाला शहर में भी पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से आए दिन नए विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। वहीं डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि वार्ड की समस्याओं को जड़ से खत्म करना और इलाके में अधिक सुविधाएं मुहैया करवाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की नायाब कार्यशैली और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों अंबाला दिन प्रतिदिन विकास की तरफ बढ़ रहा है। इस ट्यूबवेल के निर्माण से इलाके को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में कई और विकास कार्यों की शुरुआत वार्ड में की जाएगी। इस दौरान वार्ड नंबर 7 की पार्षदा मोनिका मल, समाजसेवी नरेश अग्रवाल, अनिल गुप्ता, मुनीश मल, गुरदेव शर्मा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



अंबाला। नए ट्यूबवेल के निर्माण के कार्य का शुभारंभ करते रितेश गोयल व अन्य।

**डंगडेहरी में नालों की सफाई जारी**

अंबाला शहर को बरसाती पानी की मार से बचाने के प्रयास भी पुरजोर तरीके से किए जा रहे हैं। इसी बीच गांव डंगडेहरी में भी बड़े नालों की सफाई शुरू कर दी गई है। इलाका वासियों द्वारा समस्या संज्ञान में लाए जाने के बाद पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशों पर तुरंत बड़े नालों की सफाई शुरू कर दी गई है। वहीं अलग अलग इलाकों में डिस्पोजल प्लांट बना दिए गए हैं और कई जगह निर्माण जारी है।